# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के राजर्षि उदय प्रताप सिंह कॉलेज के 155वें स्थापना दिवस समारोह मं हुए शामिल : कहा– समय के प्रवाह के साथ खुद को करना होगा तैयार, शिक्षा में तकनीक का समावेश जरूरी।
2. पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ से दुधवा के लिये हवाई सेवा का किया शुभारंभ : कहा– राज्य सरकार प्रमुख ईको पर्यटन क्षेत्रों में बढ़ा रही है एयर कनेक्टिविटी।
3. संभल में स्थिति नियंत्रण में : स्थानीय सांसद समेत आठ सौ से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ मुक़दमा दर्ज, 25 लोग हिरासत में।

और

4. प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत आठ घायल।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि युवाओं को तकनीकि शिक्षा को अवसर के रूप में लेना चाहिए ताकि बदलते युग में हम देश को विकसित राष्ट्र बना सकें। श्री योगी ने आज वाराणसी के राजर्षि उदय प्रताप सिंह कॉलेज के 155वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति की उपेक्षा कर कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि युवाओं और शिक्षण संस्थानों को समय के साथ खुद को तैयार करना होगा और बदलते परिवेश में शिक्षा में तकनीक का समावेश जरूरी है।

बाइट....

*युवा शक्ति की उपेक्षा करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर देने होंगे। उनके आगे बढ़ने की संभावना को हम बाधित नहीं कर सकते। दुनिया के अंदर किसी भी देश ने प्रगति तब तक नहीं की है। वह देश कभी आगे नहीं बढ़ा है। जिस देश की युवा शक्ति कुंठित हो जहाँ की युवा शक्ति दिग्भ्रमित हो और इसीलिए जब भी परिवर्तन हुआ है, भविष्य में भी जब भी परिवर्तन होगा हमारी युवा शक्ति करेगी और उस युवा शक्ति के केंद्र बिंदु के रूप में हमारे संस्थानों को अपने आप को तैयार करना होगा।*

इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम कर रही है और हर जिले में विश्वविद्यालय बनाये जा रहे हैं।

—————————

प्रदेश में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आज पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लखीमपुर स्थित दुधवा नेशनल पार्क के लिए हवाई सेवा का शुभारंभ किया। वहीं लखीमपुर स्थित दुधवा नेशनल पार्क में तराई की मिट्टी का उत्सव 'लखीमपुर महोत्सव' की शुरूआत भी की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रमुख ईको पर्यटन क्षेत्रों में एयर कनेक्टिविटी सेवाओं को मजबूत कर रही है। उन्होंने लखनऊ दुधवा हेलीकाप्टर सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि पर्यटकों को यह सुविधा प्रति सैलानी महज पाच हजार रूपये में मुहैया होगी और वह पैंतालीस मिनट मे दुधवा राष्ट्रीय उद्यान पहुंच सकेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सैलानियों को यह सुविधा हफ्ते में चार दिन मिलेगी।

———————

हिंसाग्रस्त सम्भल जिले में स्थिति नियत्रण में है। शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के बाद कल भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत के मामले में 25 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में 7 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और करीब 800 अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। नामजद लोगों में स्थानीय सांसद जियाउर्रहमान और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि हिंसा के बाद

तलाशी अभियान जारी है और पुलिस दोषियों की पहचान के लिए ड्रोन कैमरे के वीडियो खंगाल रही है।

——————————

केन्द्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देश भर में कल से 26 नवम्बर 2025 तक चलेगा। संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि इस सिलसिले में संविधान सदन के सेंट्रल हाल में भव्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने इस अभियान के क्रम मे होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों से भाग लेने का आह्वान किया है।

इधर प्रदेश में संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आज एक रैली निकाली गई। विधि विभाग की प्रमुख प्रोफेसर सुदर्शन वर्मा ने आकाशवाणी को बताया..

*इस बार हम विश्वविद्यालय में 75वां संविधान दिवस सेलिब्रेट करने के लिए कई सारे प्रोग्राम कर रहे हैं जिसकी शुरुआत आज 25 नवम्बर से ही कर दी गयी है। एक मार्च पास्ट निकाला और इस मार्च पास्ट का उद्देश्य हमारे विश्वविद्यालय में जो टीचर्स हैं, जो छात्र हैं अन्य विभागों के उनको संविधान दिवस के बारे में अवगत कराना और उनको ये जानकारी देना कि हमारे संविधान में हमारे संविधान निर्माताओं ने किस तरह से मेहनत करके इतना अच्छा संविधान बनाया है।*

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह ने बताया कि इस दौरान क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

———————————

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने हाल ही में अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। इस बारे में प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने बताया..

*प्रसार भारती द्वारा अभी पिछले हफ्ते वेब स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म आरंभ किया गया है और हमारा ये प्रयास है की हम अधिक से अधिक माध्यमों से जो भी हमारे दर्शक है देश भर में अलग अलग क्षेत्रों में उनके पास पहुँच सके और उसी के लिए जो भी दूसरे डिस्ट्रीब्यूशन चैनल्स है उनके साथ मिल करके हम इस दूरी को जल्द ही पूरा करना चाहते है और आज इसी कड़ी में ........के साथ में हमारा ये फ्रीडम प्लान शुरू हुआ है और मुझे विश्वास है की आने वाले दिनों में जो फ्रीडम प्लान उसका उपयोग करके बड़ी संख्या में दर्शक हमारे वेब प्लेटफॉर्म को अपनाएँगे।*

इस ओटीटी से लगभग बारह भाषाओं में कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। इसमें सभी बोलियों में कार्यक्रम पेश किए जाने की भी योजना है। प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के माध्य्म से दूरदर्शन के अभिलेखागार वाले सभी कालजयी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

आगामी जनवरी महीने में प्रयागराज में होने जा रहे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन 'महाकुंभ' के लिए तैयारियां चरम पर हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। इस बारे में नगर आयुक्त चन्द्रभूषण गर्ग ने आकाशवाणी संवाददाता सुशील चन्द्र तिवारी को बताया।

बाइट...

*मॉनिटरिंग पर्पज के लिए जितने हमारे कंट्रोल रूम के कैमरा है एआईए इसके अलावा हम लोगों ने शहर में डेढ़ सौ सुपरवाइजर और भी हायर किए हैं। साथ ही साथ हम लोगों ने पचास डिप्लोमा होल्डर्स और स्किल्ड लोगों को भी हायर किया हुआ है ताकि रेगुलरली डिपार्टमेंट वाइस हमने ......कर दिए हैं कि आपके सारे स्ट्रीट लाइटिंग जलती रहे कहीं कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। आपके शहर में सीवर या वाटर लीकेज की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। शहर के अंदर कहीं विजिबल वेस्ट नहीं होना चाहिए। हमारे पब्लिक टॉयलेट रेगुलरली क्लीन अप होने चाहिए। तो सेगमेंट वाइस हमने टीम्स ब्रेक कर करके ये इंश्योर किया हुआ है।*

——————————

प्रदेश में दो अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गये। हरदोई जिले के मल्लावां इलाके में गौरी चौराहे के पास आज

सुबह एक कार और बस की आमने–सामने टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इन सभी घायलों को लखनऊ ट्रामा सेन्टर भेज दिया गया है। सभी कार सवार कानपुर में शादी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे।

वहीं पीलोभीत जिले में गजरौला में कोहरे की वजह से ट्रक और यात्री बस की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग जख़्मी हो गये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं और अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है।

——————————

पेंशनर्स के सामने सबसे बड़ी समस्या होती है प्रत्येक वर्ष के नवंबर में स्वयं को जीवित प्रमाणित करना। इसके लिए कई–कई बार बैंकों से लेकर कोषागार की दौड लगानी पड़ती है। इटावा में डाक विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए तकनीक को आधार बनाया है। डाकिया पेंशनर्स के घर पर पहुंच कर डिजिटल माध्यम से उनके जीवित होने का प्रमाण संबंधित बैंक और पेंशन प्रदाता संस्था को पहुंचाएंगे। इसके लिए पेंशनर्स को 70 रुपये का भुगतान करना होगा। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वेबसाइट से

पेंशनर्स स्वयं ही अपना जीवित प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

———————————